卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराज्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 26 | अंक 91 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) | मंगलवार | 6 जनवरी 2026 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# कांग्रेस के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का हल्ला बोल

## अंकिता प्रकरण पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया जुलूस प्रदर्शन, कहा- जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस पर झूठ की राजनीति करने और प्रदेश वासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए भाजपा महिला मोर्चा ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई जनहित का मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह एक संवेदनशील मामले का राजनीतिकरण कर प्रदेश का शांत माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। विरोध प्रदर्शन से पूर्व अम्बेडकर पार्क में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अंकिता हत्याकांड पूरे प्रदेश के लिए दुखद घटना थी और भाजपा सरकार ने इस मामले में शुरू से ही बेहद गंभीर रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई की है। विधायक ने कहा कि एसआईटी जांच में सभी तथ्य स्पष्ट हो चुके हैं और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है, लेकिन कांग्रेस इस मामले की आड़ लेकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र को पहचान(शेष पृष्ठ सात पर)

# सुरक्षित और मानकयुक्त उत्पाद उपलब्ध कराना सरकार का संकल्प:सीएम



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह और अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो देश में गुणवत्ता, सुरक्षा और उपभोक्ता हितों की रक्षा का एक सशक्त स्तंभ बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में गुणवत्ता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार मानक निर्धारण और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार का मुख्य संकल्प हर नागरिक को सुरक्षित, मानकयुक्त और विश्वसनीय उत्पाद उपलब्ध कराना है। इसके लिए प्रदेश भर में खाद्य पदार्थों, जीवन रक्षक दवाओं, निर्माण सामग्री और अन्य उपभोक्ता उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सघन निगरानी प्रणाली विकसित की गई है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में आधुनिक परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना की जा रही है, ताकि उत्पादों की जांच समयबद्ध और सटीक तरीके से हो सके। उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे मानकों के (शेष पृष्ठ सात पर)

# जमीन क्रेताओं पर करोड़ों रूपये हड़पने का आरोप

रूद्रपुर। एक व्यक्ति द्वारा न्यायालय के आदेश पर पारिवारिक भूमि के क्रेताओं पर करोड़ों रूपये न देने व धमकाने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में ग्राम भूरारानी,निवासी आनन्द प्रकाश पुत्र प्रभुदयाल ने कहा है कि उसकी भूमि ग्राम जगतपुरा में स्थित है। जों उसके भाईयों ओमप्रकाश, रजिन्द्र धवन के नाम भूमि धरी में दर्ज अभिलेख है। उसका कहना है कि उसकी करूण गुप्ता पुत्र चन्द्रेश कुमार गुप्ता निवासी किशनकुंज कॉलोनी, लक्ष्मीनगर, दिल्ली हाल पता मेट्रोपॉलिस कॉलोनी पन्तनगर, शिव कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी ईस्ट भाटिया नगर, यमुनानगर, हरियाणा के साथ जान पहचान थी। वर्ष 2024 में करूण गुप्ता के साथ उसकी पत्नी यामनी गुप्ता, पिता चन्द्रेश कुमार गुप्ता एवं मोनू गुप्ता आये और बताया गया कि वह चारो सीकेजी रियाल्टी प्रालि के डारेक्ट है और कॉलोनी काटने का कार्य करतें है। अगर अपनी जमीन पर कॉलोनी बनानें दो तो उसमे तुम्हे काफी लाभ होगा। अपने विश्वास में लेकर भूमि को सौदा 1,10,50,00,000 रूपयें (शेष पृष्ठ सात पर)

# गन्ने के खेत में मिला मादा गुलदार का शव



रामनगर/कालाढूंगी। रामनगर वन प्रभाग तराई पश्चिमी के अंतर्गत बेलपड़ाव रेंज के पत्तापानी गांव में एक मादा गुलदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। गन्ने के खेत में गुलदार का शव पड़ा होने की सूचना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पत्तापानी ग्रामसभा के ग्रामीणों ने वन विभाग को क्षेत्र में गुलदार की चहल–कदमी और गुर्राने की आवाजें सुनाई देने की शिकायत की थी। इस पर वन विभाग की टीम ने इलाके में गश्त तेज कर दी थी। गश्त के दौरान ही गन्ने के खेत में करीब 5 वर्षीय मादा गुलदार का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही तराई पश्चिमी की एसडीओ किरन ग्वासाकोटी भी मौके पर पहुंचीं और घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसडीओ किरन ग्वासाकोटी ने बताया कि मृत मादा गुलदार के शरीर पर गहरे घाव और चोट के निशान मिले हैं। प्रारंभिक जांच के आधार पर यह अंदेशा जताया जा रहा है कि गुलदार की मौत किसी अन्य वन्यजीव के साथ हुए आपसी संघर्ष (टेरिटोरियल वॉर) के कारण हुई है। राहत की बात (शेष पृष्ठ सात पर)

# पिंजरे में कैद हुआ गुलदार,ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल जनपद के धारी ब्लॉक अंतर्गत पहाड़पानी क्षेत्र में लंबे समय से दहशत का पर्याय बने एक गुलदार को वन विभाग ने सोमवार की देर रात पिंजरे में कैद कर लिया। गुलदार के पकड़े जाने की सूचना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। विभाग अब इस बात की वैज्ञानिक जांच कर रहा है कि पकड़ा गया यह गुलदार वही है जिसने हाल ही में धारी और ओखलकांडा क्षेत्रों में दो महिलाओं को अपना निवाला बनाया था।जानकारी के अनुसार, पहाड़पानी के भवानीखेत के जंगलों में गुलदार की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। सोमवार रात यह गुलदार पिंजरे में फंस गया, जिसे विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित केंद्र भेज दिया है। वन क्षेत्राधिकारी विजय भट्ट ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पकड़े गए गुलदार के सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात की पुष्टि हो सकेगी कि क्या यही वह आदमखोर वन्यजीव है जिसने क्षेत्र में आतंक मचाया हुआ था।दूसरी ओर, ग्रामीणों में अब भी पूरी तरह भय समाप्त नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों का (शेष पृष्ठ सात पर)

# शोषण के खिलाफ जिला प्राधिकरण कार्यालय घेरा




रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विकास प्राधिकरण अधिकारियों पर भवन स्वामियों का उत्पीड़न व आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में लोगों ने किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में नारेबाजी के साथ जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय का घेराव किया और ज्ञापन सौंपा। विधायक तिलक राज बेहड़ का कहना था कि उधम सिंह नगर जनपद में वर्तमान में कॉलोनियों की रजिस्ट्री बंद होने के कारण आम नागरिकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिन्होंने वैध रूप से प्लॉट खरीदे हैं। लेकिन रजिस्ट्री प्रक्रिया रुकने से वे अपने मकान को कानूनी दर्जा नहीं दिला पा रहे हैं। उन्होंने कहा रजिस्ट्री बंद होने से जनता में भ्रम और असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है। आम नागरिक यह नहीं समझ पा रहे हैं कि रजिस्ट्री किस आदेश या अधिसूचना के आधार पर रोकी गई है। इसका सबसे अधिक प्रभाव मध्यमवर्गीय, निम्न (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुस्लिम समाज का प्रदर्शन वीआईपी का पुतला फूंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंकिता हत्याकांड के मामले में वीआईपी के नाम का खुलासा करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय भूत बंगला गेट पर पार्षद परवेज कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन



किया और वीआईपी का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अंकिता को न्याय दिलाने की मांग दोहराई।पुतला दहन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस (शेष पृष्ठ सात पर)

# वाहिनी में नवनियुक्त प्रशिक्षणाधीन गुल्मनायकों को सेनानायक ने बताई विभागीय कार्यप्रणाली

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पी.ए.सी. में आयोजित एक विशेष ए सत्र में नवनियुक्त प्रशिक्षणाधीन गुल्मनायकों को पुलिस सेनानायक यशवंत सिंह चौहान और सहायक सेनानायक महोदय श्री तपेश कुमार चंद ने विभागीय कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी प्रदान की और उनका मार्गदर्शन किया। सत्र के दौरान सेनानायक ने नए सत्र (वाहिनी में नवनियुक्त प्रशिक्षणाधीन गुल्मनायक बैच) के जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पी.ए.सी. की गरिमापूर्ण कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने सभी नवनियुक्त प्रशिक्षणाधीन गुल्मनायकों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा से अवगत कराया। विभागीय कार्यप्रणाली: जवानों को पी.ए.सी. की आंतरिक कार्यप्रणाली, ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित किया।। सेनानायक ने जवानों से उनकी व्यक्तिगत समस्याओं, उनके अनुभवों और प्रशिक्षण के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने जवानों को आधुनिक चुनौतियों (साईबर इत्यादि) से निपटने और शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिविरपाल राकेश माहरा, आर0आई0 (आर0टी0सी0/केंद्रीय आयुध भंडार) भूपेश पाण्डेय, एवं सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, प्लाटून कमांडर ज्योति कुमार एवं प्रशिक्षक आईटीआई, पीटीआई भी उपस्थित रहे।



# बिन्दुखेड़ा गुरुद्वारे में सजा भव्य दीवान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिखों के दसवें गुरु, दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बिन्दुखेड़ा स्थित गुरुद्वारा साहिब में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की संगत ने बड़ी संख्या में पहुंचकर गुरु दरबार में मत्था टेका और गुरु की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।धार्मिक समागम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन त्याग, साहस और मानवता की सेवा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ठुकराल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। गुरु साहिब का बलिदान और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।धार्मिक दीवान में विशेष रूप से पहुंचे रागी जत्थों ने मधुर गुरुबाणी कीर्तन के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह के जीवन और उनकी महिमा का बखान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान काबल सिंह, गुरुद्वारा प्रधान कवलजीत सिंह, जोगेन्द्र सिंह, कुलवंत सिंह, बीडीसी सदस्य अमरजीत सिंह,



जसवंत सिंह, प्रीतम सिंह, परमजीत सिंह, मलकीत सिंह, ज्ञानी हरनाम सिंह, जगीर सिंह, गुरबाज सिंह, गुरचरन सिंह और जरनैल सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भाजपा अपराधियों की शरण स्थलीय बनी: कैलाश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा अपराधियों का शरणस्थल बन गई है और भाजपा राज में अपराधों की बाढ़ आ गई है। भाजपा ने अपराध का राजनीतिकरण कर दिया है। एक बयान में भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि भाजपाई के अपराधीकरण की नयी कड़ी में हल्द्वानी में भाजपा नगर निगम पार्षद अमित बिष्ट ने 25 साल के नितिन की अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। यह पार्षद होने के साथ ही भाजपा का मुखानी मंडल उपाध्यक्ष भी है। उन्होंने कहा कि यह आरोपी पहले भी कई बार दबंगई दिखा चुका है।एक मामले को लेकर भाजपा के कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत तत्कालीन एसएसपी से तक भिड़ गए थे। जनता की समस्याओं के लिए भाजपा नेता कभी किसी से भिड़े हों आज तक देखने में नहीं आया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अंकिता भंडारी के अपराधियों को सामने लाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। जब तक अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण देना बंद होगा तब तक भयमुक्त अपराधमुक्त उत्तराखण्ड की बात करना बेमानी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# मोमबत्ती जलाकर की अंकिता को न्याय दिलाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, काठगोदाम के तत्वावधान में देवलढूँगा में मोमबत्ती जलाकर शांतिपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर अंकिता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की पुरजोर मांग की।इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि यह अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने लंबे समय के बाद भी अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक बेटी के साथ हुए अन्याय तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी न्याय व्यवस्था की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। श्री हृदयेश ने मांग की कि इस पूरे प्रकरण की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कठोरतम सजा मिले। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक कांग्रेस की यह आवाज बुलंद रहेगी।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन बिष्ट ने कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने की यह लड़ाई पूरी ताकत से लड़ी जाएगी और कांग्रेस कार्यकर्ता हर स्तर पर संघर्ष करते रहेंगे। वहीं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि यह कार्यक्रम आगे भी ब्लॉक स्तर पर निरंतर आयोजित किया जाएगा, ताकि जन-जन तक अंकिता को न्याय दिलाने की आवाज पहुँचे और दोषियों पर कार्रवाई का दबाव बने। कार्यक्रम में बहादुर बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, मलय बिष्ट, प्रदीप कुमार, कुंदन बिष्ट, दीपा, ममता देवी, चंदा देवी, भागा देवी, कविता आर्य, मुमताज, संजय बिष्ट, किशन लाल, रंजीत डसीला, नीरज कुमार, विजय सिंह, हरीश लाल, यशपाल आर्य, रघुनाथ प्रसाद, मोना, गिरीश शर्मा, मयंक प्रसाद, अमन सिंह, हर्षित सिंह, केशव लाल, गोरी शंकर, बिहारी लाल, पियारे लाल, तबीज मियां, उद्दीत कठायत, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# रामेश्वरपुर में दिवंगत आत्माओं के लिए फ्रीजर सुविधा की शुरुआत

## श्री गुरु रामदास जी सेवा ट्रस्ट की मानव सेवा की नई पहल

लालपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु रामदास जी सेवा ट्रस्ट ने ग्राम रामेश्वरपुर में मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए दिवंगत आत्माओं की देह को सुरक्षित रखने हेतु फ्रीजर सुविधा की स्थापना की है। इस सुविधा के संचालन से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अंतिम संस्कार से पूर्व शव संरक्षण की महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी।सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के हर वर्ग की निस्वार्थ सेवा करना है। इस दृष्टि से यह पहल की गई है, जो जरूरत के समय ग्रामीण लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी।गौरतलब है कि ट्रस्ट रक्तदान के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं और आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंद मरीजों को रक्त की व्यवस्था भी कराई जाती है। समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ट्रस्ट को कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की और इसे मानवता के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया।



# राष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में दम दिखाएंगे उत्तराखंड के खिलाड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हैदराबाद के तेलंगाना में आयोजित होने जा रही 26वीं कैडेट सब जूनियर, जूनियर और सीनियर स्क्वे मार्शल आर्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए राज्य की टीम हैदराबाद के लिए रवाना हो गई है। स्क्वे एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव मोहम्मद हसन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दल में कुल 19 लड़कियां और 18 लड़के शामिल हैं, जिनके साथ पांच ऑफिशियल भी टीम का मार्गदर्शन करने के लिए भेजे गए हैं। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता हैदराबाद के जीएमसी बाल योगी ऑडिटोरियम में 5 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पूर्व स्क्वे मार्शल आर्ट उत्तराखंड के वरिष्ठ खिलाड़ी नवदीप सिंह द्वारा मोमी गार्डन की तरफ से सभी चयनित खिलाड़ियों को ट्रैक सूट वितरित किए गए। टीम की रवानगी के अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के अभिभावक और खेल प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देकर विदा किया और उम्मीद जताई कि टीम के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर अधिक से अधिक पदक जीतेंगे और उत्तराखंड का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे।



# बिल नहीं चुकाने पर कर दिया शव देने से मना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में आत्म को झकझोर देने वाला एक सामने आया है। मात्र 2 घंटे के इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने 80 हजार का लंबा बिल बना दिया और बकाया बिल का भुगतान न करने पर शव देने से इनकार कर दिया जिससे पीड़ित परिवार गहरे सदमे में आ गया। मामले की शिकायत एसएसपी तक पहुंचने पर उन्होंने चिकित्सालय प्रबंधन को शव परिजनों को सौंप देने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार 3 जनवरी की रात अल्मोड़ा जिले के धारानौला क्षेत्र निवासी नंदन बिरौड़िया ने अपनी व्यथा फोन पर एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टी.सी. को बताई। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी सीमा बिरौड़िया को बेस अस्पताल अल्मोड़ा से रेफर कर चंदन अस्पताल, हल्द्वानी लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने इलाज के नाम पर पहले ही 57 हजार रुपये जमा करा लिए थे, लेकिन मौत के बाद 30 हजार रुपये और मांगते हुए शव देने से इनकार कर दिया गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अंतिम संस्कार तक नहीं कर पा रहा था।पीड़ित की दर्दभरी फरियाद सुनकर एसएसपी ने बिना देरी किए मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने सीओ सिटी अमित कुमार और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय मेहता को तत्काल अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत चंदन अस्पताल पहुंचकर मृतका का शव परिजनों को सुपुर्द कराया और डेथ सर्टिफिकेट पत्र भी जारी कराया गया, ताकि परिवार धार्मिक रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार कर सके।इस दौरान पुलिस ने अस्पताल प्रबंधक को कड़ी हिदायत दी कि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में मानवता को दरकिनार कर इस तरह का व्यवहार न किया जाए। स्पष्ट किया गया कि इलाज के नाम पर शव रोकना अमानवीय है।

# किच्छा में 10 जनवरी से होगी अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता

किच्छा (उद संवाददाता)। देवभूमि चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में किच्छा में पहली उत्तराखंड फीडे रैपिड रेटिंग इंटरनेशनल शतरंज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है। 10 जनवरी से शुरू होने वाली इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी शतरंज के धुरंधर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर शतरंज प्रेमियों और क्षेत्र के युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान देवभूमि चेस एसोसिएशन के महासचिव संजीव चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन लालपुर स्थित भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में किया जाएगा। दो दिनों तक चलने वाली इस बौद्धिक जंग में कुल नौ राउंड खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मुकाबले 11 जनवरी को आयोजित होंगे। प्रतियोगिता को और अधिक रोमांचक बनाने के लिए आयोजकों ने विजयी खिलाड़ियों के लिए कुल तीन लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि निर्धारित की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ी 8 जनवरी तक अपना प्रवेश शुल्क जमा करा सकते हैं। इस अवसर पर देवभूमि चेस एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष सीमा सिंह सहित मृत्युंजय सिंह, अवि सिंह, आर्यन और अनिल कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन द्वारा क्षेत्र में लगातार इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिससे न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच मिल रहा है बल्कि शतरंज के क्षेत्र में किच्छा और पूरे उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो रहा है।

# ओखलकांडा में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार बहुद्देशीय शिविर सम्पन्न

## जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं, 475 लोगों को मिला लाभ

ओखलकांडा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत सोमवार को जनपद नैनीताल के विकासखंड कार्यालय ओखलकांडा में बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया गया।शिविर में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शिविर के माध्यम से राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा गया तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया।शिविर में प्रमुख रूप से पेयजल, आदमखोर तेंदुए से सुरक्षा, जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कूड़े निस्तारण सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचे और इसके लिए प्रशासन सीधे जनता के द्वार पहुंचा है।शिविर में तेंदुओं की सक्रियता से निजात दिलाने के लिए वन विभाग को



गस्त बढ़ाने और सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण महिलाओं को जंगल न जाकर चारा उपलब्ध कराने हेतु वन विभाग को 10 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की।पेयजल निगम और जल संस्थान के अधिकारियों को नलों में पानी न आने और स्कूलों में पेयजल समस्या का 15 दिन के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए। सड़क निर्माण, हॉटमिक्स, पीएमजीएसवाई मार्गों की खराब गुणवत्ता और विद्युत समस्याओं के समाधान हेतु भी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा 72 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और निशुल्क दवा वितरण किया गया। आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी विभागों द्वारा क्रमशः 109 और 49 लोगों का उपचार किया गया। पशुपालन विभाग ने 20 पशुपालकों को लाभ पहुँचाया। उद्यान, कृषि, सहकारिता, ग्राम्य विकास, बाल विकास, श्रम एवं सेवायोजन विभागों द्वारा भी कुल 196 लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।इस अवसर पर विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख शांति मेहरा, जिला पंचायत सदस्य डीगर मेवाड़ी, उप प्रमुख सुरेन्द्र नगदली, कनिष्ठ उप प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज सुयाल, उपजिलाधिकारी अंशुल भट्ट, एपीडी चंद्रा फर्त्याल, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, खंड विकास अधिकारी देशराज सिंग सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और जनता उपस्थित रहे।कुल मिलाकर शिविर से 475 लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिला और क्षेत्र की कई समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया।

# अमर योग क्लब में हुआ हनुमान चालीसा पाठ

रुद्रपुर।अमर योग क्लब द्वारा वर्ष 2026 में आध्यात्मिक और स्वास्थ्य साधना को और सशक्त बनाने की पहल की गई है। क्लब के सभी साधकों द्वारा अब प्रत्येक मंगलवार को नियमित योग अभ्यास के उपरांत हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। यह जानकारी योग साधक राजकुमार सीकरी ने दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ



मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। कार्यक्रम के दौरान योग और भक्ति के समन्वय से साधकों में अनुशासन, एकाग्रता और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर योग गुरु अशोक कालड़ा सहित अशोक अदलखा, गुलशन नारंग, राजीव अनेजा, नरेश घई, जतिन नागपाल, अशोक बजाज, विजय फुटेला, राजेश आनंद, जुगनू अरोड़ा, अशोक खुराना, राजेश ग्रोवर, विजय सुरी एवं आदियोग साधन उपस्थित रहे। सभी ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।

# रुद्रपुर विधानसभा में वीएलए गठन की प्रक्रिया में तेजी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में वीएलए गठन की प्रक्रिया ने तेजी पकड़ ली है। ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी द्वारा 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि शहरी क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत वीएलए बनाए जा चुके हैंइस क्रम में रविवार



को प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मीना शर्मा के सिविल लाइन स्थित आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी हाईकमान द्वारा नामित बीएलए प्रथम दिनेश पंत ने की, जबकि महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी की गरिमामय उपस्थिति रही।बैठक में रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित समयावधि के भीतर वीएलए गठन की प्रक्रिया को पूर्ण करने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने कड़कड़ाती ठंड के बावजूद 39 बूथों पर बीएलए गठन की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई और इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्य में अपना योगदान दिया।

# कांग्रेस रैली में घायल पूर्व पार्षद से मिलने पहुंचीं मीना शर्मा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर मुख्यालय पर उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने और मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर आयोजित कांग्रेस की रैली के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए पूर्व निगम पार्षद मोहन भारद्वाज से कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा ने मुलाकात की। वह शिवनगर स्थित उनके आवास पहुंचीं और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान मीना शर्मा ने कहा कि



अंकिता भंडारी प्रकरण में न्याय की मांग को लेकर कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है और शांतिपूर्ण तरीके से किए गए आंदोलन में घायल कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी मजबूती से खड़ी है। मुलाकात के समय उमा सरकार, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, दिनेश मोर्या, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का सर्किट हाउस ने जीता उद्घाटन मुकाबला

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत माल में स्व. शेरदा अनपढ़ मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। सर्किट हाउस और खत्याड़ी इलेवन के मध्य उद्घाटन मुकाबला खेला गया। जिसमें सर्किट हाउस की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद खत्याड़ी इलेवन और सर्किट हाउस की टीम के बीच मुकाबला खेला गया। शानदार मुकाबले में सर्किट हाउस की टीम ने जीत दर्ज कर उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। इस मौके पर



यहां आयोजक राहुल अधिकारी, मोहित बिष्ट, हर्षित, अंकित, सुंदर बिष्ट, महेंद्र सिंह, शिवराज अधिकारी, डॉ. गिरीश अधिकारी, पूरन सिंह, कमल बिष्ट, मोहन अधिकारी, रतन सिंह, मोहन सिंह, किशन सिंह, गोपाल सिंह, गिरधर सिंह, राजेंद्र सिंह, दलीप सिंह, दीवान सिंह, गंगा आर्या, सुरेंद्र समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे। इधर, ग्राम पंचायत में हंस फाउडेशन की ओर से एक स्वास्थ्य शिविर में आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया।

# सभी विभागों को 31 मार्च तक एसेट मैपिंग पूरी करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में जनपद स्तर पर लंबे समय से लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई और संबंधित विभागीय सचिवों के साथ चर्चा कर कई मामलों का निस्तारण किया गया। मुख्य सचिव ने उत्तराखण्ड गवर्नमेंट एसेट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत सभी विभागों को अपनी सरकारी संपत्तियों की मैपिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विभागीय सचिव और विभागाध्यक्ष 31 मार्च 2026 तक अपने-अपने विभागों के अंतर्गत आने वाली समस्त सरकारी संपत्तियों की मैपिंग सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने खराब और जर्जर हो चुकी 108 सेवा की एम्बुलेंसों और विभागीय एम्बुलेंसों को शीघ्र बदले जाने के निर्देश दिए, ताकि आपात सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। कृषि से जुड़े एग्री स्टैक कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने अंश निर्धारण, डिजिटल क्रॉप सर्वे और किसानों के पंजीकरण कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने बताया कि कुछ जनपदों ने इस दिशा में बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि कुछ जिलों को अपेक्षित प्रगति के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। बैठक में विधायी, राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी जनपदों से जिलाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया।

# गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व श्रद्धा से मनाया

किच्छा (उद संवाददाता)। नगर के आवास विकास स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में सिख पंथ के दसवें गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारे पहुंचे और गुरु गोबिंद सिंह के चरणों में शीश नवाया।प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में तीन दिन पूर्व आरंभ किए गए अखंड पाठ का विधिवत भोग



संपन्न हुआ, जिसके बाद अरदास की गई। धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान ढाढ़ी जत्था सरबजीत सिंह, कीर्तन जत्था प्रभु सिंह खालसा और हजूरी रागी जत्था भाई वीरेन्द्र सिंह ने शबद-कीर्तन के माध्यम से गुरु गोबिंद सिंह के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रधान अवतार सिंह, ज्ञानी अंग्रेज सिंह, श्रवण सिंह, सतवंत सिंह, रक्षपाल सिंह, जगजीत सिंह, जोगेंद्र सिंह, हरजीत सिंह कपूर, मन्ना सिंह, बलजिंदर सिंह सहित अनेक संगतजन उपस्थित रहे।

# हरिद्वार ऋषिकेश को पवित्र सनातन तीर्थ नगरी बनाए जाने की चर्चा तेज

## श्री गंगा सभा अध्यक्ष के बयान संत समाज भी सहमत

देहरादून। श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा है कि कुंभ से पहले हरिद्वार ऋषिकेश कुंभ क्षेत्र में गंगा घाटों पर गैर सनातनी लोगों के प्रवेश पर सरकार प्रतिबंध लगाए। श्री गौतम ने अपने बयान में तीर्थ गंगा हरिद्वार के नगर पालिका/ निगम के बायलॉज का हवाला दिया है। उन्होंने कहा है कि पालिका बायलॉज के अनुसार करीब सौ साल पहले से ये नियम हर की पौड़ी और आसपास के स्नान घाटों पर लागू है कि यहां गैर हिंदुओं के प्रवेश पर पाबंदी है। इस बायलॉज के विस्तार करके इसे 105 गंगा घाटों पर लागू किया जाना चाहिए ताकि यहां गंगा की स्वच्छता, आस्था, श्रद्धा बनी रहे। श्री गौतम का तर्क था कि जब बायलॉज बना तब हरिद्वार क्षेत्र बहुत छोटा था अब कुंभ क्षेत्र वृहद हो चुका है इसलिए ये सनातन परंपरागत नियम भी गंगा के आसपास क्षेत्र में लागू किया



जाना चाहिए और ये सनातनियों की जन भावना है। हरिद्वार में हिंदू रक्षक कहे जाने वाले अखाड़े है मठ है आश्रम है धर्मशालाएं है जहां केवल हिन्दुओं का ही प्रवेश हो सकता है। हालांकि श्री गौतम के इस बयान ने देश भर में चर्चा छेड़ दी है कि क्या ये पाबन्दी केवल कुंभ के दौरान रहेगी अथवा उसके बाद भी रहेगी? इस पर श्री गौतम का कहना है कि ये केवल कुंभ के लिए नहीं बल्कि हमेशा के लिए हमने मांग की है क्योंकि ये गंगा, सनातन के साथ सबकी आस्था जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि गंगा के दोनों तरफ ही मठ,अखाड़े, आश्रम है जोकि सनातन रक्षक माने जाते है। गंगा घाटों पर गैर हिंदू प्रवेश पर पाबंदी को लेकर संत समाज में भी स्वर उठने लगे है। धीरे धीरे संत समाज भी इस पर अपने बयान देने लगे है। पीठाधीश्वर प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी रुपेंद्र प्रकाश जी महाराज ने भी कहा है कि गंगा, सनातन, की पवित्रता बनाए रखने के लिए नगर निगम , धामी सरकार जो भी कदम उठाएगी उसका हम समर्थन करते है क्योंकि ये करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का सवाल है। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी एक सवाल के जवाब में कहा है कि उनकी सरकार हरिद्वार ऋषिकेश को सनातन पवित्रता बनाए रखने के लिए काम करेगी और इन्हें धार्मिक पवित्र नगरी घोषित किए जाने पर विचार करेगी।

# मां के भजनों को सुन झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव डाक कांवर सेवा समिति द्वारा सोमवार की रात्रि रविन्द्र नगर में मां भगवती का 16 वां विशाल जागरण एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक कलाकारों ने मां के सुन्दर भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व समिति के पदाधिकारियों द्वारा विधिविधान से मां की 108 पावन ज्योति प्रज्जवलित की गई। जिसके बाद आमंत्रित भजन गायक कलाकारों अंकित विश्वकर्मा, काशीपुर की निशा अरोरा, आशु गोस्वामी, रूद्रपुर के हिमांशु राणा,बरेली के छलिया आर्ट ग्रुप व रामपुर के बालाजी म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों ने सारी रात्रि मां के भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। प्रातः आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया और बाद में भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अंकित विश्वकर्मा, जगदीश विश्वकर्मा, रोहित विश्वकर्मा, जितेन्द विश्वकर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# उत्तराखंड की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की हुई समीक्षा

## केंद्रीय मंत्री गडकरी के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं को लेकर की पैरवी





नई दिल्ली/देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में किया प्रतिभाग। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में उत्तराखंड की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में चारधाम महामार्ग परियोजना, रिंग रोड, बाईपास,आरओबी , गड्ढामुक्त सड़कों तथा लंबित वन स्वीकृतियों से जुड़े विषयों पर त्वरित निर्णय लेते हुए सभी कार्यों को गति देने पर सार्थक चर्चा हुई। साथ ही मानसून से पूर्व सड़कों के रखरखाव को प्राथमिकता देने और प्रमुख परियोजनाओं को दिसंबर 2026 तक समयबद्ध रूप से पूर्ण करने को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए गए।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में ऋषिकेश बाईपास, अल्मोड़ा-दन्या-पनार-घाट मार्ग, ज्योलिकोट-खैरना-गैरसैंण-कर्णप्रयाग मार्ग और अल्मोड़ा-बागेश्वर- काण्डा-उडियारी बैंड मार्ग के निर्माण से संबंधित प्रस्तावों के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित राज्य के अनेक महत्वपूर्ण मामलों को प्रमुखता से उठाते हुए राज्य के प्रस्तावों को स्वीकृति दिए जाने का अनुरोध किया। बैठक में राज्य की प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं पर हुई चर्चा में बताया गया कि ऋषिकेश बाईपास परियोजना-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-07 के अंतर्गत तीनपानी से योगनगरी होते हुए खारास्रोत तक 12.67 किमी लंबाई में चार लेन बाईपास का निर्माण प्रस्तावित है। जिसकी अनुमानित लागत 1161.27 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के अंतर्गत 4.876 किमी लंबाई में तीन हाथी कॉरिडोर हेतु एलिवेटेड मार्ग, चन्द्रभागा नदी पर 200 मीटर लंबा सेतु तथा रेलवे पोर्टल पर 76 मीटर लंबाई का आरओबी प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त श्यामपुर रेलवे क्रॉसिंग पर 318 करोड़ रुपये की लागत से 76 मीटर लंबाई का आरओबी प्रस्तावित किया गया है। जिससे नेपाली फार्म से ऋषिकेश नटराज चौक तक यातायात निर्बाध हो सकेगा। अल्मोड़ा-दन्या-पनार-घाट मार्ग-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-309बी के 76 किमी लंबाई वाले हिस्से में 988 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से दो लेन चौड़ीकरण का प्रस्ताव किया गया है। ज्योलिकोट-खैरना- गैरसैंण-कर्णप्रयाग मार्ग-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-109 के अंतर्गत 235 किमी लंबाई में दो लेन चौड़ीकरण का संरेखण प्रस्ताव है। अल्मोड़ा-बागेश्वर-काण्डा-उडियारी बैंड मार्ग-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-309ए के अंतर्गत पैकेज 1, 2 और 5 में कुल 84.04 किमी लंबाई में 1001.99 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रस्तावित हैं। काण्डा से बागेश्वर खंड (पैकेज-02) के लिए वनभूमि हस्तांतरण प्रस्ताव पर भारत सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में सड़क अवसंरचना को विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उत्तराखण्ड की सड़कें केवल तीर्थाटन और पर्यटन को ही नहीं, बल्कि उद्योग, सीमावर्ती सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही हैं। यह परिवर्तन केवल सड़क निर्माण का नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व और स्पष्ट विजन का परिणाम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के सतत प्रयासों से उत्तराखण्ड सुगम, सुरक्षित, आधुनिक और भविष्य उन्मुख सड़क नेटवर्क के साथ विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। चारधाम यात्रा को सुगम, सुलभ एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गों पर 12,769 करोड़ रुपये की चारधाम महामार्ग परियोजना स्वीकृत की गई है। उत्तराखण्ड में कुल 3,723 किलोमीटर का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क राज्य को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ रहा है। इनमें से लगभग 597 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएचएआई द्वारा डिजाइन एवं क्रियान्वित किए गए हैं, जिनमें से 336 किलोमीटर से अधिक परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। लगभग 193 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसकी अनुमानित लागत 15,890 रुपये करोड़ से अधिक है। इन परियोजनाओं के माध्यम से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, रुद्रपुर, काशीपुर, हल्द्वानी और काठगोदाम जैसे धार्मिक, शहरी और औद्योगिक केंद्रों को चौड़ी, सुरक्षित एवं सुगम सड़कों से जोड़ा गया है। काशीपुर-सितारगंज (77 किमी), रुद्रपुर-काठगोदाम (50 किमी) तथा हरिद्वार-नगीना (67 किमी) जैसे चार-लेन कॉरिडोर से औद्योगिक क्षेत्रों, कृषि मंडियों और पर्यटन स्थलों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के अंतर्गत गणेशपुर-देहरादून खंड में लगभग 30 किमी लंबा छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे विकसित किया गया है, जिसमें सुरंग और 18 किमी लंबा एलिवेटेड सेक्शन भी शामिल है। इस परियोजना पर 1,995 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इसके अतिरिक्त देहरादून बाईपास (12 किमी, 716 करोड़ रुपये) और हरिद्वार बाईपास (15 किमी, 1,603 करोड़ रुपये) जैसी परियोजनाओं से शहरी क्षेत्रों में यातायात दबाव में कमी लाने में प्रभावी सिद्ध होंगे। भारत-नेपाल सीमा पर बनबसा आईसीपी कनेक्टिविटी को 4 किमी लंबाई और 366 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय आवागमन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। वहीं रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास तथा हरिद्वार से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे उत्तराखण्ड को राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे नेटवर्क से सीधे जोड़ रहे हैं। सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य में ब्लैक स्पॉट सुधार, क्रिटिकल जंक्शनों पर एक्सेस कंट्रोल, प्रभावी साइनेज और आधुनिक रोड सेफ्टी उपाय लागू किए जा रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ऑपरेशन और मेंटेनेंस परियोजनाओं के माध्यम से सड़कों को वर्षभर सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मसूरी-देहरादून कनेक्टिविटी (40 किमी, 4,000 करोड़ रुपये), हरिद्वार-हल्द्वानी हाई-स्पीड कॉरिडोर (197 किमी, 10,000 करोड़ रुपये), ऋषिकेश बाईपास (13 किमी, 1,200 करोड़ रुपये), देहरादून रिंग रोड तथा लालकुआं-हल्द्वानी-काठगोदाम बाईपास जैसी परियोजनाएं तैयारी एवं डीपीआर चरण में हैं। इनसे गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्रों की आपसी कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी। पर्यावरणीय संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए राजाजी टाइगर रिजर्व जैसे क्षेत्रों में एलिवेटेड रोड, वाइल्डलाइफ अंडरपास और न्यूनतम भूमि उपयोग जैसे उपाय अपनाए जा रहे हैं, जिससे विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे। सिलक्यारा-पोलगांव सुरंग में सिविल कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस प्रतिशत सिविल कार्य में सुरंग के बीचों-बीच दीवार निर्माण का काम पांच-छह माह में पूरा कर लिया जाएगा और इसके बाद इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल कार्य शुरू किया जाएगा। मार्च 2027 तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर समुचित कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में गतिमान परियोजनाओं को गुणवत्ता बनाए रखते हुए तेज गति से निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत पूर्ण किया जाए। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा, श्री हर्ष मल्होत्रा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# इको टूरिज्म की संभावनाओं को विकसित करने पर जोर

## ट्रैकिंग और माउंटेनियरिंग नीति जल्द,15 जनवरी तक इंटीग्रेटेड पॉलिसी शासन को सौंपने के निर्देश



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में वन विभाग के अंतर्गत इको टूरिज्म से संबंधित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश में इको टूरिज्म की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें सुनियोजित तरीके से विकसित करने पर जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश का अधिकांश भूभाग वनाच्छादित है, ऐसे में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इको टूरिज्म की दृष्टि से ऐसे स्थलों को चिन्हित कर विकसित किया जाए, जहां पर्यावरण संतुलन के साथ इको सिस्टम तैयार हो सके।बैठक में ट्रैकिंग और माउंटेनियरिंग के लिए एकीकृत नीति तैयार करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि 15 जनवरी तक ट्रैकिंग और माउंटेनियरिंग की इंटीग्रेटेड पॉलिसी को अंतिम रूप देकर शासन को प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने नीति निर्माण से पहले निजी स्टेकहोल्डर्स से संवाद करने पर भी जोर दिया, ताकि भविष्य में व्यवहारिक समस्याओं से बचा जा सके। इसके साथ ही ट्रैकिंग के लिए नई चोटियां खोले जाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके लिए पर्यावरण ऑडिट सहित सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की जाएं और शीघ्र ही मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी की जाए।मुख्य सचिव ने चौरासी कुटिया के जीर्णोद्धार कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को सभी कार्यों की स्पष्ट समय-सीमा तय करने और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने को कहा। इसके साथ ही इको टूरिज्म के लिए जबरखेत मॉडल को अन्य चिन्हित स्थलों पर भी लागू करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने संभागीय वन अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपने को कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। इस क्रम में 10 चिन्हित इको टूरिज्म साइट्स का प्लान एक माह के भीतर तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए गए।वन क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों के संचालन के लिए एक प्रभावी मैकेनिज्म तैयार करने पर भी बैठक में चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि इन गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड को दी जा सकती है, क्योंकि बोर्ड का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने बोर्ड को सशक्त बनाने, मैनपावर बढ़ाने और बजट में आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड के लिए नया बजट हेड खोलने को कहा गया, ताकि उत्तराखंड टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की तरह इसे भी अनुदान उपलब्ध कराया जा सके। इको टूरिज्म साइट्स के संचालन के लिए बोर्ड के माध्यम से शीघ्र ही एमओयू किए जाने के निर्देश भी दिए गए।मुख्य सचिव ने इको टूरिज्म से संबंधित हाई पावर समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने को कहा। उन्होंने प्रदेशभर में पर्यटन से जुड़े फॉर्मल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू करने और प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्टिफिकेशन की व्यवस्था एक ही स्थान पर एंकर की जानी चाहिए। प्रशिक्षण और प्रमाणीकरण की जिम्मेदारी पर्यटन विभाग को सौंपने के साथ ही उच्च शिक्षा विभाग से भी सुझाव लेने की बात कही गई।बैठक में वन, पर्यटन और इको टूरिज्म से जुड़े विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पार्किंग शुल्क को लेकर वाहन स्वामियों का विरोध



रामनगर(उद संवाददाता)। पर्वतीय क्षेत्रों से रामनगर आने वाले टैक्सी और प्राइवेट वाहन चालकों ने नगर पालिका द्वारा पार्किंग के नाम पर की जा रही कथित अवैध वसूली और अभद्रता के खिलाफ तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। वाहन चालकों ने जमकर नारेबाजी की और नगर पालिका प्रशासन एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया। इस अवसर पर उन्होंने अपने वाहनों की चाबियां एसडीएम प्रमोद कुमार को सौंप दी।पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह रावत के नेतृत्व में दर्जनों वाहन चालकों ने नगर पालिका पर लूट का आरोप लगाया। नारायण सिंह रावत ने कहा कि दो महीने पहले भी वाहन चालकों ने इसी मामले में विरोध दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि पार्किंग शुल्क नहीं देने पर ठेकेदार के कर्मचारी अभद्रता और मारपीट करते हैं।उन्होंने बताया कि नगर पालिका ने शहर में पार्किंग की कोई व्यवस्थित व्यवस्था नहीं की है, जिसके कारण यह वसूली पूरी तरह नियम-विरुद्ध है। पूर्व में एसडीएम द्वारा नगर पालिका को पार्किंग शुल्क उचित रूप से संचालित करने और अवैध वसूली बंद करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन बावजूद इसके वाहन चालकों से शुल्क जबरन वसूला जा रहा है।वाहन चालकों ने मांग की कि रामनगर में इस प्रकार की अवैध वसूली तुरंत बंद की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है, तो वे चक्का जाम करेंगे।एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से वार्ता के बाद इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि ठेकेदार या उसके कर्मचारी द्वारा शुल्क वसूली में कोई अनुचित व्यवहार किया जा रहा है, तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# किच्छा में विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार

## सिंचाई विभाग के साथ समीक्षा बैठक, नहरों की सफाई और जल निकासी पर दिए निर्देश



किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र से जुड़ी आधारभूत संरचना और सिंचाई से संबंधित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि रुद्रपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 01, जो किच्छा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां लंबे समय से जलभराव की समस्या के कारण एक पुल को तोड़कर पानी निकाला गया था। इस कार्य के स्थायी समाधान के लिए 1 करोड़ 74 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा चुका है, जिसे इसी वित्तीय वर्ष में स्वीकृति मिलने की संभावना है।उन्होंने बताया कि नाबार्ड मद के अंतर्गत विकासखंड रुद्रपुर की राईट पाहा नहर की लाइनिंग के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये, देवरिया नहर के आधुनिकीकरण और पुनरोद्धार के लिए 4 करोड़ 17 लाख रुपये तथा किच्छा क्षेत्र में गोला नदी के बायपास क्षेत्र में स्थित धाधा और चाचर गांवों के लिए बाढ़ सुरक्षा योजना के तहत 4 करोड़ 57 लाख रुपये के प्रस्ताव शासन को भेजे जा चुके हैं। इन योजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।इसके अलावा राज्य सरकार के माध्यम से भारत सरकार को एसएएससीआई योजना के तहत किच्छा क्षेत्र में प्रस्तावित 280 बिस्तरों वाले सैटेलाइट सेंटर, एम्स ऋषिकेश किच्छा परिसर के बाहर वर्षा जल निकासी के लिए नाला निर्माण की योजना लगभग 8 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से स्वीकृति के लिए भेजी गई है।बैठक के दौरान विधायक ने किच्छा विधानसभा क्षेत्र की सभी नहरों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि फसलों को समय पर पानी मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा क्षेत्र की अन्य सड़कों पर निर्माण और विकास कार्य लगातार प्रगति पर हैं।विधायक ने कहा कि किच्छा विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की समीक्षा बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी, जिससे विकास कार्यों की निरंतर निगरानी हो सके और जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।बैठक में लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।इससे पूर्व विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। यह कार्यक्रम विधायक कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जाता है। जनसंवाद के दौरान वार्ड संख्या 18 के निवासियों ने सरकारी गूल और नालियों की सफाई, क्षेत्र में लगे विद्युत पोलों की स्ट्रीट लाइटें ठीक कराने तथा एक विद्यालय में कक्षा संचालन के लिए अतिरिक्त कमरे के निर्माण की मांग रखी।विधायक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए और कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पत्रकार प्रेस परिषद के राष्ट्रीय सचिव गुलाटी ने सभी पदों से दिया इस्तीफा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद के उत्तराखंड अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष



की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। अशोक गुलाटी ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की पेशकश भी की गई थी, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया है। जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने संगठन के भीतर चल रही विसंगतियों पर कड़ा प्रहार किया है। अशोक गुलाटी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निरंतर बदलते व्यवहार और उनके द्वारा की जा रही फर्जी घोषणाओं के कारण अब संगठन में काम करना संभव नहीं रह गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की कार्यशैली पूरी तरह से अविश्वसनीय हो चुकी है। अशोक गुलाटी ने यह भी खुलासा किया कि सोमवार की देर रात तक उन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया जाता रहा और इसके लिए उन्हें लगातार मनाने की कोशिशें की गईं, लेकिन उन्होंने सिद्धांतों से समझौता न करते हुए इसे स्वीकार नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि संगठन के भीतर चल रहे इन घटनाक्रमों और राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यों का प्रत्यक्ष प्रमाण वह जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सार्वजनिक करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी दिनों में वह संगठन के भीतर चल रहे अनुचित कार्यों का भी पर्दाफाश करेंगे। इस्तीफे के बाद मिल रहे समर्थन पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के सम्मानित साथियों के लगातार फोन आ रहे हैं और वे उनके निर्णय के साथ खड़े हैं। अशोक गुलाटी ने घोषणा की कि वे जल्द ही वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मिलित करते हुए एक नई पत्रकार प्रेस परिषद का गठन करेंगे, जो पत्रकारों के हितों के लिए वास्तविक रूप से कार्य करेगी।

# ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर वीआईपी का पुतला फूंका

## अंकिता भंडारी हत्याकाण्ड के खिलाफ पूर्व विधायक ठुकराल की अगुवाई में प्रदर्शन



रूद्रपुर। अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर क्षेत्र में आक्रोश गहराता जा रहा है। मामले की सीबीआई जांच और घटना से जुड़े वीआईपी के नाम के खुलासे की मांग को लेकर महेशपुर गांव में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया और वीआईपी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकत्र हुए दर्जनों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए जमकर नारेबाजी की।इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में तथ्यों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और इस पूरे प्रकरण में बहुत कुछ ऐसा है जिसे जनता से छुपाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से न्याय की जो चिंगारी सुलगी थी, वह अब पूरे प्रदेश में एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। ठुकराल ने सरकार से मांग की कि इस संवेदनशील मामले की तुरंत सीबीआई जांच कराई जाए ताकि उस रसूखदार वीआईपी का असली चेहरा सामने आ सके, जिसके कारण जांच की दिशा प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पीड़िता के परिजनों को न्याय दिलाना पूरे प्रदेश की प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान दिनेशपुर सहकारी समिति के चेयरमैन करन रंधावा, जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हाल्दार, आरिफ गाजी, अंकित बठला, सुनील सागर, विशाल मिस्त्री, आशीष विश्वास, सुदर्शन बैरागी, संजय हाल्दार, विरद सरकार, रानू कुमार, राशिद गाजी, कमल मजूमदार, रोहित मिस्त्री, परमजीत मण्डल, अमन सिकदार, अजय, सावेज गाजी, जग्गा रंधावा, आकाश बठला, रेहान खान, नामे अली, पवन कुमार, विपिन बजाज, रोहित, सूरज साहनी, कुनाल पासवान, शेखर पासवान, सागर पासवान, विकास कुमार, विशाल कुमार, अरूण कुमार और विशेष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

## अंतिम दिन निकाली जन जागरूकता रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी हुई प्रस्तुति



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवियों ने सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली निकालकर समाज में जागरूकता का संदेश दिया।समापन सत्र की शुरुआत स्वयंसेवियों द्वारा लक्ष्य गीत और सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद छात्राओं ने लोकगीत और लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। मुख्य अतिथि के.वी. सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. सतीश अरोड़ा ने सात दिवसीय शिविर की सफलता पर कार्यक्रम अधिकारी और सभी स्वयंसेवियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार ने मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्य, सहायक कार्यक्रम अधिकारी रचना नेगी तथा उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।समापन कार्यक्रम में अमित भारती, चंद्रवीर, संजीत, रंजीत, सुरेश, जितेंद्र, चंपा, ममता, वैशाली, किरण, पलक, कोमल, पल्लवी, गौरव, प्रीत, हर्षित, शेखर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवी वछात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मोहनपुर में दर्जनों ग्रामीणों ने ली भाजपा की सदस्यता

रुद्रपुर। विधानसभा रुद्रपुर के ग्राम मोहनपुर नंबर-1 स्थित हॉस्पिटल कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दर्जनों ग्रामवासियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता दिलाने का कार्य जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा राजेश बजाज एवं सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर की उपस्थिति में संपन्न हुआ।इस अवसर पर ग्रामवासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं रुद्रपुर विधायक शिव



अरोड़ा द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ली।भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुमित चंदावल, अशोक कुमार, राज कुमार, अंकुर कुमार, शिव कुमार, मन्नू सागर, रवि सागर, बंटी सागर, कमल सिंह, छत्रपाल, अनुज सागर, जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान शिशु देव, मुकेश कुमार एवं पंकज बतला भी उपस्थित रहे। नेताओं ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# ईदगाह बचाओ संघर्ष समिति का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

## ईदगाह, मदरसा, कब्रिस्तान व खेल मैदान की भूमि लौटाने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन



रुद्रपुर। ईदगाह बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले विभिन्न सामाजिक संगठनों, मजदूर संगठनों, ट्रेड यूनियनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने खेड़ा बस्ती रुद्रपुर में स्थित ईदगाह, मदरसा, स्कूल के बच्चों के खेल मैदान, कब्रिस्तान और करबला सहित अन्य धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की भूमि पर नगर निगम प्रशासन द्वारा किए गए कथित जबरन कब्जे को तत्काल समाप्त करने की मांग की। साथ ही उक्त भूमि को संबंधित पक्षकारों को पुन: हस्तांतरित कर निशुल्क आवंटित किए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन अपर जिलाधिकारी (राजस्व) को सौंपा गया।ज्ञापन की प्रतियां राष्ट्रीय और राज्य अल्पसंख्यक आयोग, राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, महापौर तथा नगर आयुक्त नगर निगम रुद्रपुर को भी भेजी गईं। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि खेड़ा बस्ती में स्थित मस्जिद, ईदगाह और कब्रिस्तान की भूमि का उपयोग मुस्लिम समाज द्वारा वर्षों से धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किया जाता रहा है, जबकि स्कूल के बच्चों के लिए यह खेल मैदान के रूप में प्रयुक्त होती थी। हाल ही में नगर निगम प्रशासन ने इस भूमि को अतिक्रमण की श्रेणी में दिखाते हुए अपने कब्जे में ले लिया, जिससे स्थानीय लोगों में रोष है। वक्ताओं ने कहा कि यह भूमि लंबे समय से शांतिपूर्ण, सार्वजनिक और विधिसम्मत तरीके से उपयोग में लाई जा रही थी और इसका कोई अवैध या व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जा रहा था। वर्ष भर यहां बड़े धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सामूहिक नमाज अदा की जाती रही है, जिनमें 20 से 25 हजार लोग शामिल होते रहे हैं। भूमि के कब्जे में चले जाने से इन कार्यक्रमों के आयोजन में गंभीर बाधा उत्पन्न हो गई है। इसके साथ ही पूर्व में नगरपालिका द्वारा बनाए गए बारात घर को भी कब्जे में ले लिए जाने और मस्जिद में आने वाले लोगों के लिए बने शौचालयों को सील किए जाने का आरोप लगाया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कब्रिस्तान में दफन के लिए जगह न होने से अंतिम संस्कार में कठिनाइयां आ रही हैं। रेशमबाड़ी और पहाड़गंज की ओर से आने वाले रास्ते बंद होने के कारण नमाज और दफन के लिए लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। खेल मैदान न होने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि धार्मिक कार्यक्रमों और दफन के लिए स्थान न होने से भविष्य में प्रशासन के लिए भी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। साथ ही यह आरोप भी लगाया गया कि कुछ सांप्रदायिक तत्व उकसावेपूर्ण बयान देकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, जिन पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की गई। प्रदर्शन और ज्ञापन देने के कार्यक्रम में शिवदेव सिंह, मुकुल, कैलाश, रविन्दर कौर, सुनीता, अनीता अन्ना, ललित मटियाली, गोविन्द, उपेन्द्र राय, दिनेश चन्द्र, फिरोज खान, सौरभ, भरत जोशी, महावीर सिंह, अमर सिंह, गोपाल सिंह गौतम, पार्षद परवेज कुरेशी, पार्षद अशफाक, शाहीद रजा, शाजिद खान, अजीज खान, उमर अली, हाजी मैहफूज खां, फईम, शानू, अमीर, शौकत अली, राशिद, मुख्तार अहमद, मो अली, मो फैजान, जयदेव घोष, समीर, नाजिम, इरफान अली, अनवर, मजहर रिजवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## वेनेजुएला पर कार्रवाई

वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के मुद्दे पर भी भारत ने बातचीत से मसले को सुलझाने और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता कायम रखने पर जोर दिया है। साथ ही तेल समृद्ध वेनेजुएला में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर भी रखी जा रही है, ताकि आने वाले समय में राष्ट्रहित की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। भारत सहित कई देशों ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और वेनेजुएला की संप्रभुता एवं वहां के लोगों की सुरक्षा की वकालत की है।इस बीच, यह सवाल भी उठ रहा है कि किसी राष्ट्र पर हमला कर वहां के प्रमुख और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने की अमेरिका की कार्रवाई क्या अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का उल्लंघन नहीं है? गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का लगातार आरोप लगाने के बाद शुक्रवार देर रात राजधानी काराकस पर हमला कर दिया था। इस दौरान मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर न्यूयार्क ले जाया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मादुरो के खिलाफ न्यूयार्क में मुकदमा चलाया जाएगा। यह कोई पहली बार नहीं है कि अमेरिका ने किसी देश में सत्ता परिवर्तन का प्रयास किया है। वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमिनिकन गणराज्य में बड़ी संख्या में अपने सैनिक भेजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। वर्ष 1989 में अमेरिकी सैनिकों ने पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जनरल मैनुअल नोरिएगा को हटाना था, जिन पर मादुरो की तरह ही मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप थे। वर्ष 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर हमला कर सद्दाम हुसैन के लंबे शासन का अंत कर दिया गया। इसी तरह वर्ष 2004 में हैती के तत्कालीन राष्ट्रपति को सत्ता से हटाकर अफ्रीका भेज दिया गया। यह बात सही है कि अगर दुनिया के किसी हिस्से में मानव सुरक्षा का गंभीर संकट हो, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए। शीत युद्ध के दौरान अमेरिकी हस्तक्षेप की अक्सर निंदा की जाती थी, लेकिन इससे कभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वैधता को सीधे तौर पर खतरा महसूस नहीं हुआ। मगर पिछले कुछ दशकों से यह देखने में आया है कि कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानव हित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई को भी कुछ देश इसी नजर से देख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस खतरनाक चलन को लेकर गहरी चिंता जताई है, जिसे अमेरिका बढ़ावा दे रहा है।

## मेरी पहचान

मैं आकांक्षा अरोरा एक सिंगल मदर हूँ, पर कुछ करने का जज्बा रखती हूँ। समाज में सिंगल मदर के लिए कुछ करना आगे बढ़ना थोड़ा मुश्किल होता है पर मैंने अपने कदम मजबूती के साथ आगे बढ़ाए। हाँ कई बार मैं डगमगाई कदम पीछे हटाए पर उस समय मेरे पापा (अश्वनी अरोरा), मम्मी, भाई सी.ए (अंकित अरोरा) और मेरी भाभी मेरे साथ मजबूती से खड़े रहे। जहां आज की डेट में बहुत कम भाभी अपनी ननद के साथ रहना पसन्द करती है वहां मेरी भाभी ने मुझे अपनी सगी बहन से भी ज्यादा प्यार दे रखा है। मेरे परिवार ने मिलकर मेरे सपनों की उड़ान भरने में मेरा साथ दिया।



मैंने होममेड चॉकलेट बनाकर अपना छोटा सा काम शुरू किया धीरे धीरे जब काम चलने लगा तो मैंने बिस्किट बनाने शुरू करे लोगों को जब स्वाद अच्छा लगने लगा तो मेरी हिम्मत और जोश और बढ़ गया, और धीरे धीरे मैंने आज के समय ड्राई फ्रूट वाला गुड़, अलसी के लड्डु, मेथी के लड्डु, मठ्ठी और भी कहीं तरीके के स्वाद लोगो तक पहुंचाने शुरू करे। आज मेरा अपना गुरुजी स्टोर है जहां पर आपको ये सब कुछ मिलेगा। पहले सुनते थे दादी माँ, नानी मां के हाथ की पिन्नी, लड्डू फेमस होते हैं पर आज की जनरेशन भी यह सब कर सकती है जो कि मैंने कर दिखाया। मेरे गुरुजी हमेशा मेरे साथ हैं जिनकी वजह से मैं आगे बढ़ पाई और मेरे कुछ अपने जिन्होने मुझे हमेशा आगे बढ़ने का हौसला दिया। मैं अपने व्यस्त टाईम में अपने बेटे को भी अच्छी शिक्षा दे रही हूँ। ताकि आगे चलकर अपनी मम्मी की तरह वो भी समाज में अपना नाम रोशन करें।

**आकांक्षा अरोड़ा( ईशा ), रुद्रपुर**

## स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली आईटीआई पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने 4.89 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, आईटीआई थाने की महिला उपनिरीक्षक मीनाक्षी मनराल पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थीं। सोमवार रात करीब सवा नौ बजे जब पुलिस टीम श्यामपुरम पुलिया से खोखरा मंदिर रोड पर रेलवे फाटक पार कर शमशान घाट के पास पहुंची, तो वहां एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे सड़क से कुछ दूरी पर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके दाहिने हाथ की मुट्ठी से एक पारदर्शी पन्नी बरामद हुई, जिसमें हल्के भूरे रंग का नशीला पदार्थ था। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर बरामद स्मैक का कुल वजन 4.89 ग्राम पाया गया।पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम रोहित कश्यप निवासी जीत कॉलोनी महेशपुर, काशीपुर बताया। वर्तमान में वह खड़कपुर देवीपुरा क्षेत्र में रह रहा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह स्वयं भी नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के साथ-साथ आर्थिक लाभ के लिए क्षेत्र में लड़कों को चोरी-छिपे स्मैक बेचता है। उसने यह स्मैक काशीपुर के अल्ली खां निवासी सोनू नाम के व्यक्ति से खरीदना स्वीकार किया है। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ को सील कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक मीनाक्षी मनराल के साथ अपर उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह गडिया, सिराज हुसैन और महिला कांस्टेबल राधा गोस्वामी शामिल रहीं।

# भाजपा नेता दुष्यंत गौतम ने ठोका मानहानि का केस

### 'वीआईपी' नैरेटिव को बताया साजिश, कांग्रेस और आप नेताओं सहित कई हस्तियों को बनाया पार्टी

देहरादून। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित 'वीआईपी' चेहरे को लेकर चल रही



चर्चाओं के बीच भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने कड़ा रुख अपनाया है। सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में अपना नाम उछाले जाने से नाराज गौतम ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने खुद को बदनाम करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ दो करोड़ रुपये से अधिक की मानहानि का दावा ठोकते हुए अदालत में अपनी बेगुनाही के पुख्ता सबूत और घटना के समय की अपनी लोकेशन रिपोर्ट पेश की है। अदालत में दाखिल अपनी याचिका में दुष्यंत कुमार गौतम ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अंकिता भंडारी प्रकरण में उनका नाम बिना किसी जांच, साक्ष्य या न्यायिक आधार के केवल राजनीतिक द्वेष के चलते घसीटा जा रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि उत्तराखंड पुलिस और विशेष जांच दल पहले ही सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट कर चुकी है कि इस मामले में किसी भी वीआईपी की कोई संलिप्तता नहीं पाई गई है। इसके बावजूद कुछ लोगों और राजनीतिक दलों द्वारा जानबूझकर उनकी छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर अभियान चलाया जा रहा है। अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए भाजपा नेता ने सितंबर 2022 की अपनी पूरी लोकेशन हिस्ट्री अदालत के समक्ष रखी है। इन दस्तावेजों के मुताबिक, जिस समय यह दुखद घटनाक्रम हुआ, उस दौरान वे उत्तराखंड में थे ही नहीं। रिकॉर्ड के अनुसार 10 सितंबर से 15 सितंबर तक वे नई दिल्ली में थे, 16 सितंबर को उत्तर प्रदेश, 17 और 18 सितंबर को पुन: दिल्ली, 19 सितंबर को ओडिशा और 20 सितंबर को फिर से दिल्ली में मौजूद थे। इन सभी तिथियों के समर्थन में उन्होंने सार्वजनिक कार्यक्रमों, सरकारी बैठकों और सोशल मीडिया गतिविधियों के साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं। दुष्यंत कुमार गौतम ने इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस पैनलिस्ट आलोक शर्मा और पूर्व विधायक सुरेश राठौर सहित अभिनेत्री उर्मिला सनावर को पक्षकार बनाया है। याचिका में मांग की गई है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे मेटा (फेसबुक/इंस्टाग्राम), एक्स और गूगल को आदेश दिया जाए कि वे उनके खिलाफ प्रसारित किए जा रहे मानहानिकारक कंटेंट को तुरंत हटाएं और भविष्य में इस तरह के भ्रामक प्रचार पर पूर्ण रोक लगाएं। गौतम ने कहा कि 'वीआईपी' शब्द का इस्तेमाल एक सुनियोजित नैरेटिव के तहत उन्हें निशाना बनाने के लिए किया गया है, ताकि एक संवेदनशील मामले की आड़ में राजनीतिक लाभ लिया जा सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रहे 'मीडिया ट्रायल' पर भी कड़ा ऐतराज जताया और अदालत से आग्रह किया कि बिना किसी कानूनी आधार के आरोप लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल इस कानूनी कदम के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

# भारत विकास परिषद द्वारा दिव्यांगजनों को बांटे कृत्रिम अंग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा द्वारा दिव्यांग सहायता शिविर के अंतर्गत अंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 37 दिव्यांगजनों को कुल 57 कृत्रिम अंग प्रदान किए गए, जिससे वे आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मोहन गोयल, प्रबन्ध निदेशक, शीलचंद एग्रो लिमिटेड रहे, जबकि सरदार डॉ. मनमोहन सिंह, पर्यावरणविद्, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदेमातरम् के साथ किया गया।कार्यक्रम का परिचय देते हुए शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा दिव्यांग सहायता का यह सेवा प्रकल्प पिछले कई वर्षों से निरंतर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016, 2019 एवं 2022 में आयोजित बड़े शिविरों में क्रमश: 146, 219 एवं 251 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए।उन्होंने बताया कि सत्र 2024ख25 से बड़े शिविरों के स्थान पर छोटे एवं नियमित शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए विवेकानन्द सेवा केंद्र का गठन किया गया। छोटे शिविरों के अंतर्गत 2024ख25 सत्र में मई माह में 27, अगस्त में 44 तथा नवंबर में 28 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। वहीं वर्तमान सत्र 2025ख26 में जुलाई माह में 18 तथा 7 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में 37 दिव्यांगजनों के नाप लेकर उन्हें आज 57 कृत्रिम अंग प्रदान किए गए।विवेकानन्द सेवा केंद्र के कोषाध्यक्ष विमल अरोरा ने बताया कि यह समस्त सेवा कार्य समाज के आर्थिक सहयोग से संपन्न होता है, जिसमें दानदाताओं एवं सहयोगकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। परिषद द्वारा अब तक कुल 750 से अधिक दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए जा चुके हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहन गोयल ने परिषद के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। डॉ. मनमोहन सिंह ने सेवा ही परमोधर्म के तहत कार्य करने के लिए परिषद के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।धन्यवाद ज्ञापन सेवा केंद्र के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम के समापन के पश्चात अतिथियों द्वारा अंग वितरण कार्य का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवा केंद्र के कोषाध्यक्ष विमल अरोरा ने किया।कार्यक्रम में भारत विकास परिषद एवं विवेकानन्द सेवा केंद्र से जुड़े अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यों में कामिनी सिंघल, प्रांतीय दायित्वधारी विरेंद्र सुखीजा, संजय राधू, संजय खेड़ा,




विकास रत्न शीशपाल सिंह, विकास रत्न विकास गोयल, अरविन्द अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, अक्षय माहेश्वरी शामिल रहे।इसके अतिरिक्त युवा फिल्मकार मोहित राज, दीपिका अग्रवाल, मंजू शर्मा, हीरल राडिया, पूनम मौर्य एवं अनीता रानी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

# समन्वय सांस्कृतिक समिति ने सजाया नाट्य महोत्सव

रामनगर (उद संवाददाता)। समन्वय सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में एमपी हिंदू इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में एकदिवसीय नाट्य महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम और एमपी हिंदू इंटर कॉलेज के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथियों ने समिति द्वारा कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।समिति के अध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले चार वर्षों से समिति द्वारा निरंतर इस नाट्य महोत्सव का



आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के महोत्सव में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल और बरेली से आए कलाकारों ने रंगमंच पर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों के जीवंत अभिनय की हॉल में मौजूद लोगों ने जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान संस्था से जुड़े वरिष्ठ सदस्यों और रंगकर्मियों को उनकी सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।महोत्सव के दौरान रामनगर के वरिष्ठ रंगकर्मी स्वर्गीय केवीएल श्रीवास्तव के कला के क्षेत्र में दिए गए अविस्मरणीय योगदान पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति अध्यक्ष ने संकल्प दोहराया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य स्थानीय बाल कलाकारों और रंगकर्मियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि रामनगर और आसपास के क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए भविष्य में भी हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

# नौ दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव का आयोजन 7 जनवरी से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए 7 से 15 जनवरी 2026 तक नौ दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंच घुघुतिया त्यार के अंतर्गत यह महोत्सव कुमाऊँनी संस्कृति को जीवंत करने का प्रमुख माध्यम बनेगा। पत्रकार वार्ता में इस आशय की जानकारी देते बताया गया कि कुमाऊँनी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यापार मेला, खेलकूद प्रतियोगिताएँ और भव्य शोभायात्रा इसकी मुख्य झलक होंगी। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों को सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया दैनिक आकर्षणों से सजा रहेगा महोत्सव। महोत्सव का शुभारंभ 7 जनवरी को श्री श्री गोल्ज्यू पूजन से होगा। प्रतिदिन सायं



5 से 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। बच्चों से लेकर युवाओं तक के लिए लोकगीत, लोकनृत्य, भाषण, चित्रकला, फैन्सी ड्रेस जैसी विविध प्रतियोगिताएँ रखी गई हैं। अंतिम दिन 15 जनवरी को वॉलीबॉल फाइनल, पुरस्कार वितरण और समापन होगा। मेला परिसर में पहाड़ी उत्पाद, दालें एवं पारंपरिक खाद्य सामग्री उपलब्ध रहेगी। प्रमुख प्रतियोगिताएँ बच्चों की दौड़, खो-खो, रस्साकशी, छोलिया नृत्य आदि आयोजित होंगी। । सांस्कृतिकन लोकनृत्य (रिकॉर्डेड संगीत अमान्य), कवि सम्मेलन, ऐपण बनाने के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। शोभा यात्रा में शामिल सभी झांकियाँ व प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# अंकिता को न्याय दो के नारों से गूंजा अल्मोड़ा

## विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अंकिता हत्याकांड मामले को लेकर कांग्रेस का गुस्सा लगातार बढ़ते जा रहा है। अल्मोड़ा में विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान सांस्कृतिक नगरी अंकिता को न्याय दो के नारों से गूंज उठा। नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। जहां से कार्यकर्ताओं ने मालरोड होते मुख्य बाजार तक जुलून निकाला। इसके बाद गांधी पार्क में हुई जनसभा में विधायक तिवारी ने कहा कि अंकिता भंडारी की हत्या केवल एक परिवार की बेटी की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा पर हमला है। सरकार इस मामले में सच्चाई को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक सीबीआई जांच नहीं होती, तब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल सकता। पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार दोषियों को बचाने का काम कर रही है। जिस तरह से सबूत मिटाए गए और जांच को कमजोर किया गया, उससे सरकार की मंशा साफ नजर आती है। कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक इस लड़ाई को लड़ेगी और सीबीआई जांच कराकर ही दम लेगी। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि आज अल्मोड़ा की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब यह साबित करता है कि जनता अब झूठे आश्वासनों से बहलने वाली नहीं है। अंकिता को न्याय दिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जिला कांग्रेस कमेटी इस आंदोलन को और तेज करेगी और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक करन माहरा ने कहा कि सरकार को पता था कि अंकिता हत्याकांड में उनकी ही पार्टी के वीआईपी शामिल हैं। उन्हें बचाने के लिए सरकार ने रिजॉर्ट में बुलडोजर चलाया। ताकि सबूतों को नष्ट किया जा सके। कहा कि अंकिता की परिजन और कांग्रेस शुरू से ही वीआईपी का नाम सार्वजनिक करने की मांग कर रही थी। अब जब सोशल मीडिया में तमाम रिकार्डिंग चल रही हैं तो सरकार को वीआईपी जांच कराने में पीछे नहीं हटना चाहिए। इस दौरान विधायक मनोज तिवारी, पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पीतांबर पांडेय, राधा बिष्ट, गीता मेहरा, निजाम कुरैशी, संजय कर्मयाल, बाल विक्रम सिंह, गौरव सतवाल, शोभा जोशी, जानकी पांडेय, चंचल दुर्गापाल, ज्योत्सना पंत, दीपा जोशी, वैभव पांडे, दीपक कुमार, अनूप भारती, सुशील साह, अजीत कार्की , प्रदीप कुमार, ममता जोशी, भावना जोशी, लक्ष्मी देवी, अख्तर हुसैन, वीके पांडेय, पूरन रौतेला, शुभांशु रौतेला, लोकेश सुप्याल, मोहन देवली, राजेन्द्र बिष्ट, पंकज वर्मा, जया साह, संजय वाणी, पवन मेहरा, नितिन रावत, पारस गोस्वामी, शशांक तिवारी, फईम अहमद, संजू सिंह, वकुल साह, अमित बिष्ट, आनंद बिष्ट, हर्षित दुर्गापाल, दीपा साह, शरद साह, देव सिंह भोजक, गोविंद मेहरा, बसंती गैड़ा, भावना वर्मा, शोभा भंडारी, पार्वती भंडारी, जया जोशी, आशा शर्मा, लीला जोशी, आनंदी पांडे, विजया साह, राधा टम्टा, परितोष जोशी, ललित सतवाल, पवन मेहरा, अमित बिष्ट, नरेंद्र बगड़वाल, नितिन रावत, बाल विक्रम, दीपेश कांडपाल, अमन लटवाल आदि मौजूद रहे।



## विवाहिता ने लगाया मारपीट व दूसरी शादी का आरोप

काशीपुर (उद संवाददाता)। कुर्माचल कॉलोनी निवासी एक महिला ने अपने पति, सास-ससुर और देवर-देवरानी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने उसे बिना बताए दूसरी शादी कर ली है और अब ससुराल पक्ष के लोग उसे बच्चों समेत घर से निकालने के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को सौंपी तहरीर में कुर्माचल कॉलोनी निवासी शशि ने बताया कि उसका विवाह 19 मार्च 2010 को राजीव उर्फ राजू के साथ हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। विवाह के बाद उनके दो बच्चे भी हुए। पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2017 में उसका पति मोनिका नामक युवती के संपर्क में आ गया और उससे विवाह कर मुरादाबाद में रहने लगा। जब भी पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। पूर्व में भी महिला हेल्पलाइन और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की गई थी, लेकिन ससुराल पक्ष के आश्वासन के बाद मामला शांत हो गया था।पीड़िता का कहना है कि अब उसके ससुर राजेश, सास चन्दा, देवर राहुल और देवरानी मालती उसे बच्चों को छोड़कर घर से जाने के लिए दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उसके पति से चोरी-छिपे मुरादाबाद में मिलते हैं और प्रार्थिनी को भरण-पोषण के लिए खर्च भी नहीं दे रहे हैं। बीती 5 नवंबर को जब पीड़िता का पति घर आया और उसने घर के खर्चे के लिए पैसे मांगे, तो पति सहित सास-ससुर और देवर-देवरानी ने उसे लात-घूसों से बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी।तहरीर में पीड़िता ने बताया कि उसे डराया जा रहा है कि यदि उसने घर खाली नहीं किया तो उसे खत्म कर दिया जाएगा। उसके माता-पिता और भाई ने भी समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पक्ष अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। पीड़िता ने जान का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच अधिकारी नियुक्त कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हत्यारोपी भाजपा नेता अमित पार्टी से निष्कासित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा ने युवक नितिन लोहनी की हत्या के आरोपी पार्षद एवं भाजपा नेता अमित बिष्ट को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। यह जानकारी देते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने बताया कि पार्टी ने इस घटना को गंभीरता से लिया और आरोपी को तुरंत पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया। इस कदम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अपराध और राजनीतिक सदस्यता साथ नहीं चल सकते। भाजपा ने साथ ही कहा कि कानून और न्याय व्यवस्था का सम्मान करते हुए घटना की जांच में प्रशासन के साथ पूरा सहयोग किया जाएगा।

## 10 दिवसीय उत्तरायणी कौतिक मेले में उमड़ रही भारी भीड़

गदरपुर । पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति द्वारा आयोजित किए जा रहे 10 दिवसीय उत्तरायणी कौतिक मेले का तीसरे दिन के कार्यक्रम का विधायक अरविंद पांडे ने शुभारम्भ किया । मेले में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, बच्चों ने जहां उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित लोकगीत और लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी वही झोडा चाचरी, नंदा



राजजात की झांकी सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया 10 दिवसीय मेले में लगे विभिन्न प्रकार के झूले, सुपर ड्रैगन ट्रेन, खानपान के स्टालों पर भी लोगों की भीड़ उमड रही है । समिति अध्यक्ष रविंद्र आर्य ने बताया कि मेले में पहाड़ की दालें और महिला समूह की ओर से बने उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं मेले में पहुंचे अतिथि और गण मान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर रवींद्र बजाज, गुलाम गौस, लवली हुड़िया ,अंजू भुड्डी ,राकेश भुड्डी, सीमा चौधरी सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## स्मैक के साथ नशा तस्कर को दबोचा

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सफलता प्राप्त करते हुए एक युवक को भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 19.80 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देशानुसार जनपद में अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नानकमत्ता पुलिस टीम ने क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे कुलदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय बलविंदर सिंह, निवासी ग्राम नगला को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान 20 वर्षीय इस युवक के पास से 19.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने क्षेत्र में नशे का जाल फैलाने वाले कई अन्य लोगों के नाम भी उगले हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर नशे के अवैध कारोबार में लिप्त अन्य लोगों के विरुद्ध भी जल्द ही कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सफलता प्राप्त करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज जोशी, कांस्टेबल नवीन जोशी और महिला कांस्टेबल विद्या रानी शामिल रहे।

## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस के खिलाफ...** चुकी है और आगामी चुनावों में उसे फिर से करारा जवाब देगी। महापौर विकास शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस नेताओं ने हमेशा विकास के बजाय विवाद को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि जब जांच एजेंसियां न्यायालय के समक्ष ठोस साक्ष्य पेश कर चुकी हैं, तब कांग्रेस द्वारा 'वीआईपी' नैरेटिव के नाम पर भ्रम फैलाना केवल एक षड्यंत्र है। महापौर ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय सुनिश्चित किया जा रहा है, परंतु कांग्रेस लाशों पर राजनीति कर अपनी खोई हुई साख वापस पाना चाहती है, जिसमें वह कभी सफल नहीं होगी। महिला मोर्चा की रश्मि रस्तोगी और विनीता सक्सेना ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस महिलाओं के नाम पर केवल राजनीति करना जानती है। सभा के पश्चात अम्बेडकर पार्क से विशाल जुलूस शुरू हुआ जो मुख्य बाजार होते हुए भगत सिंह चौक से होते हुए गल्ला मण्डी पर पुतला दहन के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान कांग्रेस का पुतला फूंका गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, महिला मोर्चा की रश्मि रस्तोगी, विनीता सक्सेना, मीना शर्मा, साधना शर्मा, अर्चना राय, पिंकी चतुर्वेदी, सुनीता गंगवार, कविता मन, स्वाति शर्मा, ममता जीना, गीता भारद्वाज, आशा मुंजाल, मधु गुप्ता, प्रीति धीर, ममता त्रिपाठी, मनीष गोस्वामी, नेत्रपाल मौर्य, रामपाल, प्रीत ग्रोवर, सुनील ठुकराल, रोशन अरोड़ा, अमित नारंग, सुनील यादव, सुलोचना रावत, शैली फुटेला, धर्म देवी और उर्मिला पांडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**शोषण के खिलाफ...**आय वर्ग तथा पर्वतीय क्षेत्रों से आकर बसे परिवारों पर पड़ रहा है. जिनके लिए सस्ती कॉलोनियाँ ही घर बनाने का एकमात्र साधन हैं। प्राधिकरण अधिकारी को औपचारिक रूप से ज्ञापन सौंप यह अनुरोध किया गया है कि रजिस्ट्री बंद होने की स्थिति को स्पष्ट किया जाए और यदि कोई आदेश प्रभावी है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। साथ ही जनहित को ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्री प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ कराने की माँग की गई है।जनता का कहना है कि रजिस्ट्री प्रक्रिया बंद रहने से आर्थिक मानसिक और सामाजिक समस्याएँ बढ़ रही हैं। नागरिक प्रशासन से टकराव नहीं, बल्कि स्पष्टता और समाधान चाहते हैं, ताकि लोग कानूनी रूप से सुरक्षित तरीके से अपने घर का सपना पूरा कर सकें। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की पूरी व्यवस्था करते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। इस दौरान संजय जुनेजा, हरीश पनेरू, मोहन खेड़ा, ललित सिंह, रोहित, सुमित पाण्डे, हरीश पाण्डे, अंकित, सुजल, प्रेम, प्रदीप राय, तपन राय, राजू राय, महेंद्र शर्मा, सोनू सिंह, कृपाल रौतेला, आकाश चौहान, रमेश चन्द्र, प्रवीण गाइन, कैलाश काण्डपाल, विनोद मलवार, राजेंद्र मेहता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**जमीन विक्रेताओं पर..**में तय हो गया। जिसके बाद ऐग्रीमेन्ट एवं कुछ सादे कागजों पर यह कहकर उसके हस्ताक्षर कराये कि इन पेपरों पर कॉलोनी पास करारूंगा। आनन्द का कहना है जिस पर उर्स व उसके भाईयों एवं बहन के हस्ताक्षर कराये। इस एग्रीमेन्ट के अनुसार उक्त करूण गुप्ता को एक करोड़ रूपये 05 अप्रैल 2024 को ,तीन करोड़ रूपये 30 अप्रैल 2024 को , दो करोड़ रूपये 30 अक्टूबर 2024 को, दस करोड़ रूपये 30 अप्रैल 2025 को,पंद्रह करोड़ रूपये एवं शेष धनराशि उन्यासी करोड पचास लाख रूपये भिन्न-भिन्न तिथियों का वर्ष 2028 तक प्रार्थी व प्रार्थी के परिवार को अदा करनी थी। उसको विश्वास दिलाया कि जो मैने तुम्हें आज एक करोड रूपये देने थ वह धनराशि उसके दिल्ली कार्यालय से आ रही है और एक या दो दिन में आते ही तुम्हे अदा कर दूंगा। आनन्द प्रकाश का कहना है कि उसे कुल धनराशि 1,01,95,000 रूपये की धनराशि दी गई एवं करूण गुप्ता ने अपनी फर्म के खाते से 35,00,000 रूपये दिये। इसके अतिरिक्त प्रार्थी को कोई धनराशि अदा नही की। करूण गुप्ता द्वारा 30 अप्रैल 2025 31,00,00,000 रूपये, और 30 अक्टूबर 2025 तक 17,50,00,000 रूपये अदा करने थे लेकिन करूण गुप्ता द्वारा आज तक प्रार्थी को शेष धनराशि अदा नहीं की गई है। मांग करने पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी जाती है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**गन्ने के खेत में ...**यह है कि गुलदार के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे शिकार की संभावना कम नजर आ रही है। हालांकि, विभाग का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। गुलदार की मौत के बाद से गांव में भय का माहौल है, जिसे देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों को अकेले खेतों की ओर न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही है ताकि किसी अन्य वन्यजीव के खतरे को टाला जा सके।

**मुस्लिम समाज का ...**जघन्य हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम अब तक गुप्त रखा गया है, जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्षद परवेज कुरैशी ने कहा कि जब तक इस मामले की सीबीआई जांच नहीं होती और पर्दे के पीछे छिपे असली दोषियों को बेनकाब नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मामले में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि पीड़िता को उचित न्याय मिल सके। पुतला दहन करने वालों में नदीम,अरबाज खान, तनवीर खान, मुन्ना,अकरम, रजा कुरैशी,आरिस,आमिद,जीशान पाशा आदि शामिल थे।

**पिंजरे में कैद..**कहना है कि क्षेत्र में एक से अधिक गुलदार सक्रिय हो सकते हैं, इसलिए विभाग को अपनी सतर्कता कम नहीं करनी चाहिए। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि महिलाओं पर हमला करने वाला आदमखोर वन्यजीव कोई दूसरा भी हो सकता है। फिलहाल वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे एहतियात बरतें और रात के समय अकेले घरों से बाहर न निकलें। विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए हुए है।

**सुरक्षित और ..**अनुरूप ही उत्पादन करें, जिससे उत्तराखंड के उत्पादों की साख देश-विदेश में बढ़े। मुख्यमंत्री ने आम जनता से भी गुणवत्ता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया और कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता ही मानक प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाती है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ और सविता हरबंस कपूर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने भारतीय मानक ब्यूरो के योगदान की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया। कार्यक्रम में विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों से आए उद्यमी भी शामिल हुए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नियमों के विरुद्ध बज रहे लाउडस्पीकरों पर होगी कार्यवाही

## धार्मिक स्थलों से हो रहे ध्वनि प्रदूषण पर महापौर का कड़ा रुख

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की बस्तियों में लाउडस्पीकर से हो रहे ध्वनि प्रदूषण और नियमों के उल्लंघन को लेकर महापौर विकास शर्मा ने सख्त तेवर अपना लिए हैं। पिछले कुछ दिनों से मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए महापौर ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से विस्तृत वार्ता की और धार्मिक स्थलों पर नियमों के विरुद्ध बज रहे लाउडस्पीकरों पर कार्यवाही का अनुरोध किया।महापौर विकास शर्मा से विभिन्न बस्तियों के लोगों ने शिकायत की थी कि विशेषकर मस्जिदों पर नियमों के विपरीत उच्च क्षमता के लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। इनसे होने वाला शोर न केवल सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन्स का उल्लंघन कर रहा है, बल्कि बच्चों की शिक्षा, बुजुर्गों और मरीजों की शांति में भी गंभीर व्यवधान डाल रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए महापौर ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से वार्ता की। उन्होंने कहा कि शहर में शांति और कानून



व्यवस्था बनाए रखने के लिए ध्वनि प्रदूषण नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। महापौर के हस्तक्षेप के बाद एसएसपी ने तत्काल अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे धार्मिक स्थलों को चिन्हित करें जहाँ नियमों की अनदेखी हो रही है।महापौर विकास शर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहा हमारा उद्देश्य किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाना नहीं, बल्कि कानून का पालन सुनिश्चित करना है। महापौर ने कहा हाईकोर्ट और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है। दिन के समय भी ध्वनि की तीव्रता निर्धारित डेसिबल सीमा के भीतर होनी चाहिए। उन्होंने काह कि शहर में नियमों के विरुद्ध लगे लाउडस्पीकर हटाए जाएंगे। एसएसपी ने आश्वासन दिया है कि पहले संबंधित पक्षों को चेतावनी दी जाएगी और यदि इसके बावजूद सुधार नहीं हुआ, तो लाउडस्पीकर उतारकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।महापौर ने सभी धर्मगुरुओं और प्रबंधन समितियों से अपील की है कि वे सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए स्वेच्छा से मानकों का पालन करें, ताकि शहर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे।






# प्रधानमंत्री के युवा संवाद कार्यक्रम में रुद्रपुर के रुद्र प्रताप सिंह को मंच संचालन की जिम्मेदारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के अवसर पर भारत मंडपम में युवाओं से संवाद कार्यक्रम के लिए रुद्रपुर के ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह का चयन किया गया है। भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय ने उन्हें मंच संचालन और समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है। ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह वर्ष 2025 में कक्षा 10 के सीबीएसई नेशनल टॉपर रह चुके हैं और इसरो से प्रमाणित युवा वैज्ञानिक भी हैं।इससे पूर्व दिसंबर माह में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर उनका चयन युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की ओर से सरदार यंग लीडर के रूप में किया गया था। गुजरात सरकार के आमंत्रण पर उन्होंने करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक लगभग 182 किलोमीटर लंबी 10 दिवसीय राष्ट्रीय



पदयात्रा का नेतृत्व किया। इस पदयात्रा और इससे जुड़े कार्यक्रमों के दौरान उन्हें देश के कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों से संवाद का अवसर मिला। इनमें राजनाथ सिंह, सी.पी. राधाकृष्णन, जेपी नड्डा, मनसुख मांडविया, संजय सेठ, भूपेंद्रभाई पटेल, माणिक साहा, पुष्कर सिंह धामी, अजय टम्टा, हर्ष संघवी और रिवाबा जडेजा सहित अन्य सांसद, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे।गौरतलब है कि गत वर्ष भी ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह विकसित भारत यंग लीडर के रूप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जहां उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद और कार्यक्रम में सहभागिता का अवसर मिला था। इस वर्ष 9 जनवरी से आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में उन्हें राष्ट्रीय युवा एवं किशोर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा नेशनल एंकर के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# प्रदेश मीडिया सह प्रभारी बनने पर ललित राठौर का हुआ स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ललित राठौर को भाजपा ओबीसी मोर्चा उत्तराखंड का प्रदेश मीडिया सह प्रभारी बनने पर कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।ओबीसी मोर्चा उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य ने अपने निवास पर ललित राठौर का स्वागत कार्यकर्ताओं के साथ किया। भाजपा किसान मोर्चा उत्तराखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने अपने आवास पर ललित राठौर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। दिनेशपुर में अविनाश विश्वास ने अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ नवनियुक्त प्रदेश मीडिया सह प्रभारी का जोरदार स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर ललित राठौर ने कहा कि उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य,प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्रभट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, सांसद



अजय भट्ट, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा का हृदय से आभारी एवं धन्यवाद व्यक्त करता हूं जिन्होंने उन पर विश्वास जताते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तराखंड का प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नियुक्त किया है। यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। संगठन और समाज के हित के लिए वह पूरी निष्ठा ,ईमानदारी एवं समर्पण के भाव से कार्य करते हुए पिछड़ा वर्ग का सशक्तिकरण हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे और सभी के मार्गदर्शन से संगठन को और अधिक मजबूती करने का संकल्प लेता हूं।






# चार लैपटॉप और एक मोटरसाइकिल सहित दो गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। जिला में अपराध नियंत्रण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के कड़े निर्देशों के तहत कोतवाली गदरपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने चोरी के मामले का शीघ्र अनावरण करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चार चोरी किए गए लैपटॉप और एक बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल बरामद की। जानकारी के अनुसार, 4 जनवरी 2026 को अंकुर चावला निवासी ग्राम बराखेड़ा ने थाना गदरपुर में शिकायत दी कि दिनेशपुर-मटकोटा रोड स्थित अशोका रिसोर्ट के पास ओवरसीज कार्यालय से अज्ञात चोरों ने लैपटॉप और अन्य सामान चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर एफआईआर संख्या 05/2026 दर्ज की गई और विवेचना उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा को सौंपी गई। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशों के



पालन में पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक गदरपुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। 5 जनवरी को गदरपुर क्षेत्र में ग्राम सूरजपुर के पास खेत की झोपड़ी के पास पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए चार लैपटॉप और बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने मोटरसाइकिल रुद्रपुर से चोरी करने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्त राजू विश्वास (23 वर्ष) और इन्द्रजीत मंडल (27 वर्ष) को 305(ए)/331(4)/3(5)/317(2) के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्राजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से वारंटी एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी देवाशीष शाहा पुत्र दीपक शाहा निवासी वार्ड 07 आजादनगर, ट्रांजिट कैम्प को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। जिसके पश्चात आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अकरम अहमद व अपर उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश बावड़ी शामिल थे।

